हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

Ref.No:COE/2026/240 **Dated:23-06-2026**

आन्तरिक मूल्यांकन अंक (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक), बाह्य प्रायोगिक अंक तथा प्रोजेक्त/शोध–प्रबन्ध के अंकों को जमा करने के सम्बन्ध में।

कृपया, इस कार्यालय के पत्रांक संख्या–**COE/2026/202** दिनांक–29–05–2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के आन्तरिक मूल्यांकन अंक (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक) एवं बाह्य प्रायोगिक अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड कर हार्ड कॉपी दिनांक–08–05–2026 तक विश्वविद्यालय में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु कतिपय महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा आज तिथि तक विश्वविद्यालय में ऑनलाइन अपलोड किये गये अंकपत्रों की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय को प्रेषित नहीं की गई है जो कि उक्त आदेश की अवहेलना है, जिससे परीक्षाफल घोषित किये जाने में असुविधा उत्पन्न हो रही है।

अतः सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों को अन्तिम चेतावनी देते हुए ऑनलाइन अपलोड किये गये अंकपत्रों की हार्ड कॉपी दिनांक–30–06–2026 तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात् ही विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाफल घोषित किया जाना सम्भव होगा। अन्यथा की स्थिति में परीक्षाफल की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान की होगी।

उक्त कार्य हेतु आपका सहयोग सराहनीय रहेगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1 निजी सचिव कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
2 सहायक कुलसचिव, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति महोदय जी के सादर सूचनार्थ।

23.06.2026

परीक्षा नियंत्रक